कार्यालय प्रमुख अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, भोपाल

क्र 308 001–59/ सला/ प्रौभि/ बायो/लोक.स्वा.यां.वि., भोपाल, दिनांक 02.03.2000

प्रति,

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग,भोपाल/
बैतूल/ राजगढ़ / रायसेन/ सीहोर/ विदिशा/
झाबुआ/ शिवपुरी/ मंडला/ धार/ देवास/ उज्जैन /
मंदसौर/ नीमच/ शाजापुर/ मंडला/ एवं डिंडोरी/ सिवनी/ ग्वालियर/
दुर्ग/ दंतेवाड़ा/ कोरबा/ छिंदवाड़ा

विषय :– पेयजल में फ्लोराइड की अधिकता की पुष्टि हेतु पानी के नमूनों की जांच की क्रास चैकिंग बाबत्।

उपरोक्त विषयान्तर्गत आपके खण्ड के अधीनस्थ ग्रामीण / नगरीय क्षेत्रों के पेयजल स्त्रोतों में पूर्व में फ्लोराइड के आधिक्य की जानकारी इस कार्यालय को उपलब्ध कराई गई है। अतः इस कार्यालय में उपलब्ध अद्यतन जानकारी संलग्न की जा रही है। (देखें संलग्न प्रपत्र)
इस संबंध में निर्देशित किया जाता है कि :–

1.0 विभिन्न स्त्रोंतो में प्राप्त फ्लोराइड की मात्रा यदि क्रास चैकिंग अभी तक नहीं कराई हो तो 2 या 3 नमूने भोपाल भेजकर इसे तत्काल करावें।

2.0 उपरोक्त पुष्टि परीक्षण के उपरांत भी यदि इन नमूनों में फ्लोराइड की मात्रा निर्धारित मात्रा से अधिक मिलती है या पूर्व में ही उक्त कार्यवाही की जा चुकी है तो निम्नानुसार कार्यवाही करें।

2.1 प्रभावित पेयजल स्त्रोतों को तत्काल बंद करना एवं वैकल्पिक शुद्ध जल प्रदाय हेतु प्रस्ताव तैयार करना।

2.2 ग्राम वासियों में इसके महत्व की जानकारी देने बाबत् जन चेतना, शिक्षा कार्य करना।

2.3 स्थानीय स्वास्थ्य विभाग को प्रभावित क्षेत्रों में फ्लोरोसिस हेतु स्वास्थ्य सर्वेक्षण व स्कूली बच्चों में दंत सर्वेक्षण का सुझाव देना।

2.4 प्रभावित ग्रामों के व आसपास के ग्रामों में समस्त स्त्रोतों का फ्लोराइड परीक्षण करना।

2.5 जिले के सभी स्त्रोतों का शत प्रतिशत फ्लोराइड परीक्षण युद्धस्तर पर करने की कार्यवाही तत्काल करना।

वर्तमान में तत्काल निम्न बिन्दुओं पर जानकारी इस कार्यालय को प्रेषित करें :–

3.1 जिले /खण्ड में कुल आबाद ग्रामों की संख्या ।

3.2 जिले /खण्ड में कुल स्थापित एवं कार्यरत हैण्डपंपों, नलजल योजनाओं व अन्य पेयजल स्त्रोतों की संख्या।

3.3 फ्लोराइड हेतु परीक्षित कुल ग्रामों की संख्या।

3.4 फ्लोराइड हेतु परीक्षित

3.41 कुल हैण्डपंपों की संख्या

3.42 कुल नलजल योजनाओं की संख्या
3.43 कुल अन्य स्त्रोतों की संख्या
3.5 फ्लोराइड के आधिक्य से प्रभावित पाए गए ग्रामों की संख्या।
3.6 फ्लोराइड के आधिक्य से प्रभावित
3.61 पाए गए कुल हैण्डपंपों की संख्या।
3.62 कुल नलजल योजनाओं की संख्या
3.63 कुल अन्य स्त्रोतों की संख्या ।

उक्त जानकारी की अद्यतन स्थिति (संलग्न प्रपत्रानुसार) प्रतिमाह की 5 तारीख तक इस कार्यालय को नियमित रूप से प्रेषित की जावे।

फ्लोराइड प्रभावित ग्रामीण स्त्रोतों में शुद्ध पेयजल प्रदाय हेतु केन्द्र शासन द्वारा 75 प्रतिशत एवं राज्य शासन द्वारा 25 प्रतिशत राशि वित्तीय सहायता का वहन किया जाता है। अतः इस राशि का समुचित उपयोग किए जाने हेतु जिले के समस्त पेयजल स्त्रोतों के सर्वेक्षण पश्चात् आवश्यक एकीकृत योजनाएं तत्काल तैयार करने की कार्यवाही करें।

सलाहकार
लोक स्वा.या. विभाग
सतपुड़ा भवन भोपाल

संलग्न :– उपरोक्तानुसार
1. देवास, शाजापुर एवं कोरबा
हेतु इस कार्यालय का पत्र क्र.112/ दि. 01.02.2000

पृ.क्र. 309 / सला/ प्रौमि/ लो.स्वा.यां.विभाग / भोपाल दिनांक 03.03.2000

प्रतिलिपि :– मुख्य अभियंता, लो.स्वा.यां.वि. भोपाल / इंदौर/ ग्वालियर/ रायपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित

संलग्न उपरोक्तानुसार

सलाहकार (प्रौमि)
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
सतपुड़ा भवन, भोपाल